# BIHAR STATE HOUSING BOARD

(Government of Bihar Undertaking)

6, SARDAR PATEL MARG, PATNA – 800015,

बिहार सरकार

Landline: 0612 – 2217618, 0612 - 2217617
Email Id: it@bshb.in


**Ref No**

**E- auction Advertisement No. 05/2023**

**Date.** 10/02/2023

## Important Notice for Bidder regarding E-Auction

**(Through e-Procurement mode over http:/www.eproc2.bihar.gov.in)**

**Bihar State Housing Board (BSHB) is a statutory authority regulated by Bihar State Housing Board act 1982 under the aegis of Urban Development and Housing Department, Government of Bihar. BSHB is mandated with the development of various housing schemes & related infrastructural facilities in the State.**

**BSHB has decided to dispose its commercial and residential-cum-commercial plots via E-Auction Method. Therefore, E-Auction is being introduced in "Bihar State Housing Board" for making the auction process more efficient and transparent in association with BELTRON, Bihar. The following are details regarding e-auction:-**

| Sl No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Assignment | Disposal of residential cum commercial plot GC-5 &6 (B) situated at Lohianagar, Patna through online auction mode. |
| 2 | E- auction Processing Fee/Cost (Non-Refundable) | INR 5900 (Inclusive of GST) Payable online through e-payment mode i.e. NEFT/RTGS/Credit Card on following website:http:/www.eproc2.bihar.gov.in |
| 3 | E- auction Fee/Cost (Non – Refundable) | Rs 2000/- |
| 4 | Date of Issue of Notice Inviting E- auction | From date of Publication |
| 5 | Date of Training | 15-02-2023 |
| 6 | Period of submission of necessary documents. | 06-03-2023 to 10.04.2023 (3:00 PM) |
| 7 | Date of scrutiny of documents submitted by registered applicants. | 10-04-2023 (4:00 PM) |
| 8 | E- auction schedule | 17-04-2023 ( 11:00 AM to 01:00 PM) |
| 9 | Contact person for queries | Sri Nripendra Kumar , Mob.No. - 8709367374 |

1. Detailed descriptions of the item and instruction for submitting offer can be downloaded from e-tender website ( **http:/www.eproc2.bihar.gov.in).**
2. For support related to e-tendering process, bidders may contact at "eproc 2.0 Help Desk Address : **mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiyana Road, P.S. - Shastrinagar, Patna – 800014, Bihar. Toll Free Number : 1800 572 6571 or http:/www.eproc2.bihar.gov.in**
3. Bidder should be registered on e-Procurement Portal ( http:/www.eproc2.bihar.gov.in) and have the Class III Digital Signature Certificate (DSC) with signing + Encryption and User-id of the e-Procurement website (http:/www.eproc2.bihar.gov.in) before participating in the e-Tendering process.
4. The Managing Director, Bihar State Housing Board reserves the right to reject or cancel the auction or any part thereof without assigning any reasons.
5. Corrigendum/Addendum, if any, will be published on the website of the Board www.bshb.bihar.gov.in and e-Procurement, Bihar (**http:/www.eproc2.bihar.gov.in)**

## (2) Auction Details :

| Sr. No. | Location (Sector/Phase Wise) | Type of Property | Property No. (Auction Sub Item) | Area (Sq.ft.) | Proposed Base Price in Rs. | Width of Road | Bid Security Deposit in Rs (Earnest Money Deposit) Only, NEFT/RTGS Mode) | Application Fee in Rs. (Auction Form Fee) | Total Amount Payable through Online/ Offline before E-Auction (8+9) in Rs. | Auction Processing Fee (To be paid only online on http://www.eproc.bihar.gov.in/BELTRON) in Rs | Minimum Bid Increment Value in Rs. | E-Auction schedule (Proposed) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | Start | End |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* | *11* | *12* | *13* | *14* |
| 1 | Lohianagar, Patna | GC- | GC-5 & 6 (B) | 19010 (Sq.ft.) | 13,09,22,865/- | 90'0" | 1,50,00,000/- | 2000.00 | 1,50,02,000.00 | Rs 5900/- | 2 % of base price | 17-04-2023 11:00 AM | 17-04-2023 01:00PM |

10.2.23

**Secretary**
**Bihar State Housing Board, Patna**

*For Further Details Please Visit Website http:/www.eproc2.bihar.gov.in

## (3) पंजीयन की प्रक्रिया :

1. ई–ऑक्शन के प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (http:/www.eproc2.bihar.gov.in) में सर्वप्रथम पंजीयन करना आनिवार्य होगा। यदि बोलीदार द्वारा पूर्व में ई–ऑक्शन में भाग लेने हेतु पंजीयन कराया जा चुका हो तो पुनः पंजीयन की आवश्यकता नहीं है। सम्भावित बोलीदाताओं को निलामी में भाग लेने हेतु एक वैध श्रेणी –III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (DSC) एवं यूजर आई0डी0 प्राप्त करना अनिवार्य है। पंजीकरण हेतु सम्बंधित बोलीदाता के पास एक वैध ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाईल संख्या होना अनिवार्य है।
2. ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (http:/www.eproc2.bihar.gov.in) पर पंजीयन लिंक के द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया सर्वप्रथम पूरी करनी होगी। पंजीयन पर क्लिक करने पर एक नई आन–लाईन प्रपत्र में दर्शाये गये विवरण को दर्ज करना होगा। सम्पूर्ण विवरण दर्ज करने के पश्चात आपको नियम एवं शर्तों को स्वीकार करना होगा तथा विंडो में दर्शित Captcha को दर्ज कर अपना पंजीयन करना होगा। सारे विवरण दर्ज करने के बाद सम्बंधित दस्तावेज के साथ पंजीयन शूल्क के साथ भुगतान इसी प्रक्रिया में किया जाना होगा। पंजीयन शूल्क केवल आर्न–लाईन माध्यम से स्वीकार किया जायेगा जो (http:/www.eproc2.bihar.gov.in) पोर्टल के माध्यम से भुगतान करना होगा।
3. इस प्रक्रिया को पूर्ण करने पर पोर्टल के विंडो पर आपके द्वारा किया गया पंजीयन सफलतापूर्वक किया गया है, इसका संदेश प्राप्त होगा। यदि आवश्यता हो तो सम्बंधित प्रपत्र का प्रिंट आउट भी प्राप्त कर सकते हैं तथा इसकी वैधता एक वर्ष के लिए होगा।
4. उपरोक्त प्रक्रिया के उपरांत आपको यूजर आई0डी0 एवं पासवड प्राप्त होगा। इस यूजर आई0डी0, पासवड एवं स्वय में डिजीटल हस्ताक्षर का उपयोग करते हुए निलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

## (4) ई–ऑक्शन की प्रक्रिया :

1. नीलामी की सूचना में दर्शित समय के पूर्व इच्छुक व्यक्ति को https://www.eproc2.bihar.gov.in पोर्टल में पंजीयन के समय प्राप्त यूजर आईडी एवं पासवर्ड दर्ज करके प्रविष्टि करना होगा।
2. पोर्टल में प्रविष्टि के उपरांत एक्टिविटी विंडों में क्लिक करना होगा। इस विंडों में क्लिक के उपरांत आपको ऑक्शन का चयन करना होगा।
3. अग्रधन एवं आवेदन शुल्क सफलता पूर्वक जमा करने के पश्चात् बोलीदाता बेल्ट्रॉन द्वारा प्रदान किये गये यूजर आई0डी0 का उपयोग करते हुए लॉगिन करेंगे एवं भुगतान रसीद के साथ सभी वांछित कागजात अपलोड करेंगे। जो निम्नवत है :–
   - (क) पैन कार्ड की प्रति।
   - (ख) पिछले तीन साल का इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रति।
   - (ग) आधार कार्ड की प्रति। जिन बोलीदाताओं द्वारा आधार कार्ड हेतु आवेदन दिया गया हो, वैसे बोलीदाता यू0आई0डी0ए0आई0 भारत सरकार द्वारा निर्गत पावती रसीद की प्रति भी संलग्न कर सकते है।
   - (घ) निर्वाचन प्रमाण पत्र/विद्युत विपत्र/लैण्ड लाईन विपत्र/ड्राईविंग लाइसेंस/बैंक पासबुक/घरेलू गैस विपत्र/आवासीय प्रमाण के रूप में संलग्न कर सकते है।
   - (ड.) पासपोर्ट की प्रति (केवल एन0आर0आई0 बोलीदाताओ के लिए)।
   - (च) स्व हस्ताक्षरित घोषणा प्रपत्र (अनुलग्नक–2)।
   - (छ) दो रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो।
4. सभी वांछित कागजातों को अपलोड करने के पश्चात् बोर्ड द्वारा प्राधिकृत बोली आमंत्रण प्राधिकार द्वारा दस्तावेजों की जाँच की जायेगी। केवल वैध दस्तावेज समर्पित करने वाले बोलीदाताओं को ही ई–नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु स्वीकृति दी जायेगी।
5. आक्शन मोड के चयन के उपरांत आपको संबंधित सम्पदा का चयन करना होगा, जिसके उपरान्त नीलामी में प्रदर्शित सम्पदाओं की सूची विंडों में दर्शित होगी।
6. प्रत्येक बोलीदाता के कम्प्यूटर के विंडों पर अन्य बोलीदाताओं की सर्वोच्च बाली ही प्रदर्शित होगी। बोलीदाता के नाम तथा पहचान पूर्णतः गोपनीय होगी।
7. किसी विशिष्ट सम्पदा के ई–नीलामी की प्रक्रिया समाप्ति समय से 03 मिनट पहले यदि किसी बोलीदाता द्वारा बोली समर्पित की जाती है तो सिस्टम द्वारा स्वतः बोली समाप्ति की अवधि को अगले 10 मिनट तक के लिए विस्तारित

कर दिया जायेगा। विस्तारित अवधि में उच्चतम बोली से अधिक बोली प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विस्तारित अवधि के समाप्ति के पश्चात् बोली की प्रक्रिया बन्द कर दी जायेगी।

8. प्रत्येक बोली में वृद्धि मूल्य, Base Price का 2% प्रतिशत होगा। इस प्रकार एक बोलीदाता द्वारा एक बार में अधिक से अधिक पॉच बार ई–निलामी की बोली लगाई जा सकेगी।
9. सफलतम बोलीकर्ता को स्वचलित सिस्टम द्वारा ई–मेल के माध्यम से उच्चतम बोलीकर्ता होने की सूचना दी जाएगी।
10. बोली लगाते समय सभी आई0टी0 संसाधनों एवं उपकरणो के सुचारू रूप से कार्य करने संबंधी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से बोलीदाता की होगी। किसी भी प्रकार की तकनिकी समस्या एवं इन्टरनेट विच्छेद संबंधी मामलो में बिहार राज्य आवास बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस कारण से हुई क्षति के लिए बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।
11. सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई–नीलामी से संबंधित सभी निर्देशों, नियम एवं शर्तो को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें।
12. ई–नीलामी संबंधित विवरणी एवं नियम–शर्त्तो की जानकारी e-Procurement Portal https://www.eproc2.bihar.gov.in and www.bshb.bihar.gov.in पर जाकर डाउनलोड की जा सकती है।
13. Auction processing fee संबंधित बोलीदाता द्वारा वहन किया जायेगा जो केवल Internet Banking/Debit Card/Credit Card/Payment Gateway https://www.eproc2.bihar.gov.in पोर्टल के माध्यम से प्राप्त एवं स्वीकार किया जायेगा।
14. Auction processing fees and Auction form fee non-refundable होगा। अतः इस संबंध में राशि वापसी से संबंधित किसी भी प्रकार के अनुरोध अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
15. सभी इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई–नीलामी हेतु पंजीकरण कराने एवं ऑन–लाईन आवेदन करने से पूर्व नियम एवं शर्त्तो को अच्छी तरह से पढ़ ले। आवेदन करने के बाद यह माना जायेगा कि बोलीदाताओं द्वारा नियम एवं शर्त्तो को ध्यान से पढ़ लिया गया है तथा सभी नियम शर्त्ते उनको मान्य है। बाद में इस संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति अस्वीकारात्मक होगी।
16. ई–नीलामी से संबंधित बोर्ड द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय को बदलने अथवा भविष्य में लिये जाने वाले निर्णय का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित होगा, जिस पर किसी भी प्रकार की आपत्ति पूर्णतः अस्वीकारात्मक होगी।
17. ई–नीलामी की प्रक्रिया के तहत बोलीदाताओ द्वारा यदि किसी प्रकार की अनियमितता अथवा भ्रष्ट आचरण का प्रमाण पाया जाता है तो उन्हें उच्चतम डाकवक्ता घाषित होने के वावजूद भी उनके डाक को रदद् कर जमा राशि जब्त कर लिया जायेगा।
18. इस संबंध में अन्य जानकारियाँ प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित पते पर सम्पर्क करें :–

| क्रम संख्या | विशय | सम्पर्क स्थान एवं दूरभाश संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **ई–नीलामी कार्यक्रम** | बिहार राज्य आवास बोर्ड, 6, सरदार पटेल मार्ग, पटना–800015, **श्री नृपेन्द्र कुमार, मो0 –8709367374** |
| 2. | **पंजीयन की प्रक्रिया/तकनिकी सहायता** | **Toll Free Number : 1800 572 6571, email ID – eproc2support@bihar.gov.in mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiyana Road, P.S. - Shastrinagar, Patna – 800014, Bihar.** |

**सचिव।**
**बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना।**

| नीलामी निमित नियम एवं शर्ते | |
|---|---|
| Term and conditions for Auction, by the Bihar State Housing Board (BSHB) on lease hold basis of commercial and residential-cum-commercial plots. | बिहार राज्य आवास बोर्ड के अर्न्तगत व्यवसायिक एवं आवासीय सह व्यवसायिक भूखंडों के लीज होल्ड धारित अधिकारों का बिहार राज्य आवास बोर्ड द्वारा नीलामी के द्वारा निस्तार से संबंधित नियम व शर्तें। |
| **I. ELIGIBILITY** | **I.पात्रता** |
| 1.(a) Any Individual, who is legally major and citizen of india, may purchase lease Hold rights, by bid in the auction. Joint application in the name of the spouse can also be given. Any Individual who is not a minor, may purchase lease hold rights by bid in auction in the name of his/her minor ward. | 1.(क) कोई भी व्यक्ति, जो भारत का नागरिक हो आवेदन पत्र दाखिल करने की तिथि को तथा वैधिक दृष्टि से बालिग हो, संबंधित नीलामी में बोली लगाकर लीज–होल्ड अधिकार खरीद सकता है। आवेदनकर्ता अपने पति/पत्नी के नाम से संयुक्त आवेदन समर्पित कर सकता है। कोई भी व्यक्ति जो वैधिक दृष्टि से बालिग है अपने नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम से नीलामी में भाग ले सकता है। |
| 1.(b) Public Sector Banks, Companies & Firms shall be allowed to participate in auction of commercial and residential-cum-commercial properties provided the premises is used for bonafide prescribed purpose by their staff. | 1.(ख) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, कंपनियों व फर्मों को आवासीय सह व्यवसायिक एवं व्यवसायिक संपत्तियों की नीलामी में भाग लेने की अनुमति होगी, बशर्ते कि परिसर का उपयोग उनके स्टाफ के द्वारा विहित उद्देश्य से किया जाए। |
| 1.(c) The Bidder/Purchaser must be domiciled in Bihar, a citizen of India or an NRI or a person of Indian Origin (P.I.Os). The permission for NRIS & PIOS shall be governed under FEMA regulation framed under notification FEMA No. 21/2000 R.B./dated May 03,2000. The person of Indian origin will mean an individual (not being a citizen of Pakistan or Bangladesh or Sri Lanka or Afghanistan or China or Iran or Nepal or Bhutan), who (i) at any time, held Indian Passport, or (ii) who or either of whose father or grandfather was a citizen of India by virtue of the Citizenship Act, 1955 (57 of 955) and he or she is competent to enter into contract. Attested copy of passport to be attached with Bid application forms by NRI/PIO to establish the identity. | 1.(ग) बोलीदाता/खरीदार बिहार का मूलवासी हो, भारत का नागरिक हो या अनिवासी भारतीय (एन0आर0आई0) हो या भारतीय मूल का व्यक्ति (पी0आई0ओ0एस0) हो। अनिवासी भारतीय (एन0आर0 आई0) या भारतीय मूल के व्यक्ति (पी0आई0ओ0एस0) को इस प्रक्रिया में शामिल करने का प्रावधान एफ0ई0एम0ए0 अधिनियम के तहत अधिसूचना संख्या– एफ0ई0 एम0ए0 में 20/2000 आर0वी0 तिथिः– मई 3, 2000 के तहत अधिसूचित है। भारतीय मूल के व्यक्ति का अभिप्राय ऐसे व्यक्ति से है जो पाकिस्तान, बंग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, चीन, इरान, नेपाल और भूटान क नागरिक नहीं हैं। (i)वह किसी भी समय भारतीय पासपोर्ट का धारक रहा है।(ii)उसके पिता या दादा भारत की नागरिकता अधिनियम 1955 (1955 का 57) के तहत भारत का नागरिक हो और वह अनुबंध करने में सक्षम हो। पहचान स्थापित करने के लिए अनिवासी भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्ति को आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट की सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी। |

| | |
|---|---|
| 2. No person whose bid had been accepted by the officer conducting the Auction shall be entitled to withdraw his bid. Entry into the Auction shall be restricted only to such persons who will deposit EMD amount to Bihar State Housing Board via online/offline as mentioned in Annexure - I. | 2. कोई भी व्यक्ति, जिसकी बोली नीलामी संचालनकर्त्ता अधिकारी द्वारा स्वीकार की गई है, अपनी बोली वापस लेने का हकदार नहीं होगा। नीलामी में प्रवेश केवल उन व्यक्तियों तक सीमित होगा, जो बिहार राज्य आवास बोर्ड के अनुलग्नक– 1 में वर्णित EMD की राशि Online/Offline रूप में जमा करेंगे। |
| 3. The final auctioned property will only be transferred to the bidder firstly through the execution of Lease Deed. After that the said property can be converted into free hold. | 3. अंतिम रूप से निलाम की गई सम्पदा का क्रेता के नाम से हस्तांतरण की अनुमति प्रथमतः पट्टा विलेख के निष्पादन के माध्यम से ही किया जाएगा। तदोपरान्त संबंधित सम्पदा को फ्री–होल्ड में परिवर्तन किया जा सकेगा। |
| 4. The area of plots announced are only approximate, and the persons who bid should be prepared to accept variation in either way in the area announced, subject to increase in of cost in preparation to the amount of the accepted bid. | 4. घोषित प्लॉटों का क्षेत्रफल केवल अनुमानित है और बोलीदाता वे घोषित क्षेत्रफल में कैसी भी कमी या अधिकता स्वीकार करने के लिए तैयार रहें। उनकी स्वीकृत बोली में लागत में बढ़ोतरी उसी अनुपात में समायोजित कर ली जाएगी। |
| **II. BIDDING AT AUCTION AND SUBMISSION OF APPLICATION** | **II नीलामी में बोली लगाना और आवेदन पत्र जमा कराना।** |
| 1. The officer, conducting the Auction may, without assigning any reasons withdraw any plot from the Auction at any stage. | 1. नीलामी संचालनकर्त्ता अधिकारी किसी भी प्लॉट को कोई कारण बताए बिना किसी भी चरण में नीलामी से वापस ले सकता है। |
| 2. The bid shall be for the lease hold rights in the plot. The plot is being auctioned on "as is where is basis". It is presumed that the intending purchaser has inspected the site and has familiarized himself/ herself with the existing site conditions in all respects before offering bid. If any tree exist in any of the plot, it would be responsibility of the auction purchaser to get it removed after obtaining approval of the concerned Authorities and BSHB will not be a party for obtaining permission. | 2. बोली प्लॉट में लीज–होल्ड अधिकार के लिये होगी। प्लॉट की नीलामी **''जैसा है जहाँ है ''** के आधार पर की जाएगी। इसलिए यह मान लिया जाएगा कि इच्छुक खरीदार ने स्थल का निरीक्षण कर लिया है और बोली से पहले वे स्थल की मौजूदा स्थिति से भली–भाँति परिचित हैं। यदि किसी प्लॉट में कोई पेड़ मौजूद है तो यह नीलामी में खरीदने वाले की जिम्मेदारी है कि वह संबंधित प्राधिकरणों से अनुमति प्राप्त कर इसे हटवाए और बिहार राज्य आवास बोर्ड इसमें पक्षकार नहीं होगा। |

| | |
|---|---|
| 3. (I) Auction shall be conducted only through online mode in association with Beltron, Bihar. The prospective bidder shall have to compulsorily register themselves on e-Procurement website www.eproc.bihar.gov.in of Beltron. Those bidder who are not registered on the above mentioned website, will not qualify for e-Auction.<br>(II) After registration, the bidders shall have to deposit the EMD and Application fee (Jointly) by online through e-payment mode i.e. NEFT/RTGS/Credit Card on the websitewww.eproc2.bihar.gov.inPayment of EMD and application fee is compulsory to participate in the e-Auction. Payment of EMD and application fee should be made together. For example, for any plot to be auctioned EMD is Rs. 10,00,000/- and application fee is Rs. 2000/-, then the payment that should be made will be Rs 10,02,000/- through online.<br>(III) After making the payment of EMD andApplication fee, the bidder should login using the credentials provided by Beltron on www.eproc2.bihar.gov.in and upload the payment receipt along with all the required documents, listed below:-<br>(a) Copy of PAN card<br>(b) Copy of Income Tax Return of last three years.<br>(c) Copy of Aadhaar card. In case those who have applied for the aadhaar card and have not received the aadhaar number can also upload the Acknowledgement Receipt issued by UIDAI, Government of india.<br>(d) Copy of Voter Id/ Electricity Bill/ Telephone Bill/ Driving License/ Bank Pass Book/ Domestic Gas Bill as proof of residence.<br>(e) Copy of Passport (In case of NRI)<br>(f) Self Signed Declaration form (Annexure - II)<br>(g) Two recent color passport size photo<br>(IV) After uploading the required documents and payment receipt, the uploaded documents will be verified by the auction inviting authority of Bihar State Housing Board and only validapplicants will be permitted to participate in the e-Auction process. | 3.(I) ई–नीलामी के माध्यम से सम्पदाओं का निस्तार केवल ऑन–लाईन के माध्यम से किया जायेगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अनिवार्य रूप से बेल्ट्रॉन केe-Procurement website www.eproc2.bihar.gov.inपर जाकर निबंधन कराना होगा। अन्यथा उन सभी बोलीदाताओं जिनका निबंधन नहीं हुआ है, को ई–नीलामी में भाग नहीं लेने दिया जायेगा।<br>(II) सफल निबंधन के पश्चात् बोलीदाताओं को अग्रधन की राशि एवं आवेदन शुल्क (संयुक्त रूप से) ऑन–लाईन के माध्यम से बेल्ट्रॉन के वेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.inके द्वारा जमा कर सकते है। अग्रधन की राशि एवं आवेदन शुल्क ई–नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु जमा करना अनिवार्य है। अग्रधन एवं आवेदन शुल्क की राशि संयुक्त रूप से एक साथ जमा करना होगा। उदाहरण स्वरूप यदि किसी सम्पदा के अग्रधन की राशि 10 लाख है एवं आवेदन शुल्क 2000.00 रूपये है, इस स्थिति में कुल भुगतान 10,02,000/– रूपये का भुगतान www.eproc2.bihar.gov.inके द्वारा जमा करना होगा।<br>(III) अग्रधन एवं आवेदन शुल्क सफलता पूर्वक जमा करने के पश्चात् बोलीदाता बेल्ट्रॉन द्वारा प्रदान किये गये यूजर आई0डी0 का उपयोग करते हुए लॉगिन करेंगे एवं भुगतान रसीद के साथ सभी वांछित कागजात अपलोड करेंगे। जो निम्नवत है :–<br>(क) पैन कार्ड की प्रति।<br>(ख) पिछले तीन साल का इन्कम टैक्स रिटर्न की प्रति।<br>(ग) आधार कार्ड की प्रति। जिन बोलीदाताओं द्वारा आधार कार्ड हेतु आवेदन दिया गया हो, वैसे बोलीदाता यू0आई0डी0ए0आई0 भारत सरकार द्वारा निर्गत पावती रसीद की प्रति भी संलग्न कर सकते है।<br>(घ) निर्वाचन प्रमाण पत्र/विद्युत विपत्र/लैण्ड लाईन विपत्र/ड्राईविंग लाइसेंस/बैंक पासबुक/घरेलू गैस विपत्र/आवासीय प्रमाण के रूप में संलग्न कर सकते है।<br>(ड.) पासपोर्ट की प्रति (केवल एन0आर0आई0 बोलीदाताओ के लिए)।<br>(च) स्व हस्ताक्षरित घोषणा प्रपत्र (अनुलग्नक–2)।<br>(छ) दो रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो।<br>(IV) सभी वांछित कागजातों को अपलोड करने के पश्चात् बोर्ड द्वारा प्राधिकृत बोली आमंत्रण प्राधिकार द्वारा दस्तावेजों की जाँच की जायेगी। केवल वैध दस्तावेज समर्पित करने वाले बोलीदाताओं को ही ई–नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु स्वीकृति दी जायेगी। |

| | |
|---|---|
| 4. The Officer conduting the auction shall normally accept the bids, subject to confirmation by the Competent Authority, the highest bid offered at the auction and the person whose bid has been accepted shall pay after completion of auction the balance amount as mentioned in this Brouchure (adjusting the EMD within 60 Days after the submission of bid.) | 4. सामान्यतः नीलामी संचालनकर्त्ता अधिकारी, सक्षम अधिकारी द्वारा पूष्टि के बाद ही नीलामी में दी गई उच्चत्तम बोली स्वीकार करेगा और जिस व्यक्ति की बोली स्वीकार की गई है, वह नीलामी समाप्ति के पश्चात् बकाया राशि, जैसा कि इस पुस्तिका में वर्णित है, बोली समाप्ति के 60 दिनों के अन्दर बिहार राज्य आवास बोर्ड के पक्ष में देय –पेय ऑर्डर/ डिमांड ड्रॉफ्ट/ऑन लाईन द्वारा भुगतान कर सकेगा। |
| 5. The Officer conduting the auction may, for reason to be recorded in writing recommend to the Competent Authority to reject any bid including the highest bid. | 5. नीलामी संचालनकर्त्ता अधिकारी निलामी में दर्ज किए जाने वाले कारणों के साथ उच्चतम डाक सहित किसी भी बोली की रद्दगी की सिफारिश सक्षम प्राधीकारी को कर सकेगा। |
| 6. The successful biddeer shall deposit the balanced amount along with declaration form in Annexure - 2 within period of 60 days via online from Board Website or in the Bank Account of BSHB. | 6. सफल बोलीदाता प्लॉट की नीलामी बंद होने के 60 दिनों के अन्दर अनुलग्नक–2 में संलग्न घोषणा–पत्र भरकर बोली की राशि बोर्ड की वेवसाईट से Online अथवा बैंक के खाते में जमाकर सकेगा। |
| 7. If the bid not accepted, the Reserve Price will be Refunded to the bidder without any interest within 15 days. If BSHB has to withdraw the residential-cum-commercial plot from auction, then the Reserve Price deposited will be returned to the auction purchaser without any interest up-to a period of one months from the auction. Beyond one months period, BSHB will pay an simple interest of 5% for the amount lying with BSHB for each period. | 7. यदि बोली स्वीकार नहीं की जाती है, तो निलामी समाप्त होने के 15 दिनों के अन्दर सुरक्षित राशि बिना किसी ब्याज के बोलीदाता को वापस कर दी जाएगी। यदि बिहार राज्य आवास बोर्ड नीलामी से आवासीय सह व्यवसायिक प्लॉट वापस लेता है तो नीलामी खरीदार को नीलामी की तरीख से 1 महीने के अवधि तक जमा रखी गई सुरिक्षत राशि एवं प्रशुल्क की राशि बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी। 1 महीने के बाद बिहार राज्य आवास बोर्ड द्वारा जमा राशि पर 5 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ का भुगतान किया जायेगा। |
| 8. The demand-cum-allotment letter would be sent to the successful bidder immediately after the bid is accepted by the competent authority. The highest bidder is required to make payment of balance amount (adjusting the reserve Price), as demanded vide said demand letter referred to above, within 60 days from the date of issue of the demand letter by Online internet Banking/Bank Draft/RTGS/NEFT in account number-44220110000068 (IFSC Code- BKID 0004429) only in the any branch | 8. सक्षम प्राधिकारी द्वारा बोली को स्वीकार करने के तुरंत बाद सफल बोलीदाता को माँग–एवं–आवंटन पत्र भेजा जाएगा। उच्चतम बोलीदाता को उक्त पत्र के द्वारा मॉगी बोली को शेष राशि (सुरक्षित राशि को समायोजित करके) का भुगतान माँग पत्र के जारी होने की तिथि से 60 दिनों के अन्दर Online Internet banking/बैंक ड्रॉफ्ट/भुगतान आदेश के द्वारा खाता संख्या–44220110000068,आई0एफ0एस0सी0कोड–बी0के0आई0डी0–0004429 केवल बैंक ऑफ इंडिया के किसी शाखा में करना |

| | |
|---|---|
| of Bank of India. The Competent Authority may, in his absolute descretion may extend the last date of balance payment up- to the maximum period of 90 days, beyond the last date for payment with reference to the date of issue of demand letter, subject to payment of interest on the balance amount @ 12.50% p.a where the delay exceeds 60 days. | होगा। सक्षम प्राधिकारी अपने पूर्व विशेषाधिकार के अर्न्तगत 60 दिनों से अधिक की देरी होने पर 12.5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज भारित कर अधिकतम 90 दिनों तक विस्तारित कर सकते हैं। |
| Note : The successful bidder may pay the cost of the plot by availing loan facility from finacial institutions for which the BSHB offer NOC/mortgage permission. In case the successful bidders wish to avail loan facility for the payment of the final auction price, they can contact the Branch Manager, bank of India, Secretariat branch, Patna - 15. bank will provide all possible assistanceas per eligibility in this regard. Details of which are also enclosed in Annexure - III. | **टिप्पणी :** सफल बोलीदाता वित्तीय संस्थानों से ऋण सुविधा का लाभ उठा कर प्लॉट की लागत का भुगतान कर सकता है, जिसके लिए बिहार राज्य आवास बोर्ड अनापत्ति/बंधक अनुमति देती है। जिन सफल बोलीदाताओं को ऋण की आवश्यकता हो वे शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया, सचिवालय शाखा, पटना–15 को सम्पर्क कर सकते है। इस आशय निमित विवरणी अनुलग्नक–3 के साथ संलग्न है। |
| 9. Four copies of Conveyance deed along with the copy of site plan will be supplied to the highest bidder along with the demand letter to get the conveyance deed papers stamped from the Office of Collector of Stamps (treasury Office) by him/her. The Reserve Price shall stand forfeited and the auction purchaser shall not be liable to any compensation whatsoever if he/she fails to submit conveyance deed within 60 days from the date of issue of same from the office of Manager Estate, BSHB. It shall be the sole reponsibillity of the auction purchaser to submit the stamped conveyance deed papers along with the site plan, before issue of the possession letter. The possession of the plot will be handed over only after the submission of the above said documents in the office of Manager Estate, BSHB. After taking the possession, the successful auction purchaser is required to get the conveyance deed executed by concerned divisional exeutive engineer. In case the execution of conveyance deed is not completed within the period of 2 month from the date of issue of the possession letter from the office of the concern divisional executive engineer on account of any lapse | 9. स्टांप कलैक्टर के कार्यालय से पट्टा विलेख कागजातों पर स्टांप लगवाने के लिए उच्चतम बोलीदाता को माँग–पत्र के साथ पट्टा विलेख की चार प्रतियाँ और साइट–प्लान की प्रति दी जाएगी जिस पर उन्हें निर्धारित राशि का स्टांप लगाना होगा। यदि भू–सम्पदा पदाधिकारी, बिहार राज्य आवास बोर्ड कार्यालय से पट्टा विलेख निर्गत होने के 60 दिनों के अन्दर उसे प्रस्तुत करने में नीलामी क्रेता असफल रहें तो उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जायेगा और सुरक्षित राशि जब्त कर ली जाएगी। यह नीलामी क्रेता की पूर्ण जिम्मेदारी है कि वह कब्जा–पत्र जारी होने से पूर्व स्टाम्पित पट्टा पेपर और साइट–प्लान प्रस्तुत करें। भू–सम्पदा पदाधिकारी, बिहार राज्य आवास बोर्ड के कार्यालय में उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के बाद प्लॉट का कब्जा सौंपा जाएगा। कब्जा लेने के पश्चात् सफल नीलामी–क्रेता को सम्बंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा निष्पादित पट्टा विलेख प्राप्त करना अपेक्षित होगा।<br>सम्बंधित कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य आवास बोर्ड के कार्यालय से कब्जा पत्र जारी होने की तिथि से दो महीनों की अवधि के अंदर यदि नीलामी क्रेता के किसी कमी के कारण |

| | |
|---|---|
| on the part of auction purchaser, action for cancellation of allotment of plot will be taken. | पट्टा विलेख निष्पादन पूर्ण नहीं होता है, तो प्लॉट के आवंटन के रद्दीकरण की कार्यवाही की जाएगी। |
| 10. In case the highest bidder fails to make the balance amount within the stipulated period, as mentioned in the demand letter or within such extended period, if any granted by the Manager Estate, BSHB on his written application, the bid shall automatically stand cancelled and the Reserve Price shall stand forfeited. In that eventuality, the competent authority shall be competent to re-auction the Commercial & residential-cum-Commercial plot. | 10. यदि माँग पत्र में उल्लेखित निर्धारित अवधि अथवा उसके लिखित आवेदन पर भू–सम्पदा पदाधिकारी, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना द्वारा बढ़ाई गई किसी अवधि के अंदर यदि उच्चतम बोलीदाता शेष राशि का भुगतान करने में असफल रहता है, तो बोली स्वतः रद्द हो जाएगी और सुरक्षित राशि जब्त हो जाएगी। उस स्थिति में सक्षम प्राधिकारी आवासीय सह व्यवसायिक प्लॉट की पुनः नीलामी करने के लिये सक्षम होगा। |
